हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 10 जुलाई 2025











## खबर संक्षेप

### लुहांगी पहाड़ी पर आज होगा दंगल

**विदिशा।** महाकाल अखाड़ा छाल दिवाली के उस्ताद खेमचंद अहिरवार द्वारा गुरुपूर्णिमा के अवसर पर आज लुहांगी पहाड़ी पर कुश्ती का आयोजन किया गया है। शाम 4 बजे दंगल होगा। विजेता को पुरस्कृत किया जाएगा। रात आठ बजे अखाड़ा प्रांगण में गुरुपूर्णिमा उत्सव मनाया जाएगा।

### महल घाट पर मनाया जाएगा गुरुपूर्णिमा पर्व

**विदिशा।** महलघाट पर गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन होगा। संतोष शास्त्री द्वारा महल घाट वैत्रवती नदी तट पर सुबह 8 बजे रुद्राभिषेक से होगी। इसके बाद 11 बजे से सुन्दरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। दोपहर 2 बजे से गुरु दीक्षा एवं गुरु आशीर्वाद के साथ हवन पूजन होगा। दोपहर 3 बजे श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी वितरण किया जाएगा। सुजीत विलथरिया, प्रशांत शर्मा, मोहनलाल साहू ने कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### कार्यकारिणी घोषित होने के बाद हुई पहली बैठक

विदिशा। दुर्गा नगर मंडल की नई कार्यकारिणी घोषित होने के बाद पहली बैठक भाजपा जिला कार्यालय में हुई। विधायक मुकेश टंडन ने नवनियुक्त कार्यकारिणी को बधाई देते अनुशासन में रहकर कार्य करने और जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का आह्वान किया। शैलेंद्र सिंह भदौरिया, रामनारायण विश्वकर्मा समेत कई नेता उपस्थित रहे। संचालन सुरेंद्र सिंह चौहान ने किया और आभार महामंत्री रामप्रसाद पासी ने व्यक्त किया।

### नवजात बच्चों को न्यूबोर्न बेबी किट वितरित किए

**विदिशा।** महावीर इंटरनेशनल केंद्र स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में सेवा सप्ताह मना रहा है। बुधवार को जिला चिकित्सालय के प्रसूति वार्ड में 50 नवजात शिशुओं को हाइजीनिक न्यूबोर्न बेबी किट वितरित किए गए। कार्यक्रम में केंद्र अध्यक्ष वीर राजकुमार गुप्ता, जॉन चेयरपर्सन वीर जीएस चौहान, सचिव वीर सुनील जैन, कोषाध्यक्ष वीर अवनेश जैन, वीरा रेखा गुप्ता सहित जिला चिकित्सालय की डॉ. रेणु सोनकर, वार्ड इंचार्ज ज्योति शर्मा, छाया, मोनिका उईके और आया अजुद्धी बाई उपस्थित रहीं। महावीर इंटरनेशनल की देश में 400 से अधिक शाखाएं और 12,000 सदस्य हैं।

### दो घंटे में नाबालिग को खोजकर सौंपा

**विदिशा।** ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत सिविल लाइन पुलिस ने एक नाबालिग बालक को सिर्फ़ दो घंटे में परिजनों से मिलाया। 8 जुलाई को ग्राम धतुरिया क्षेत्र में रास्ता भटककर अकेला घूमते बालक को एफआरबी-04 ने थाना लाकर पुलिस के हवाले किया। पुलिस ने बच्चे से पहचान और घर का पता लगाया। परिजनों को सूचना दी गई और वे तत्काल थाना पहुंचे। प्रक्रिया के बाद बच्चे को सुरक्षित सौंप दिया गया।

# विद्यार्थी परिषद ने मानव श्रृंखला बनाकर दिया एकता और अखंडता का संदेश

## 77वां स्थापना दिवसः राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस पर 'एकत्रीकरण राष्ट्र के नाम' कार्यक्रम किया, संविधान के नागरिक कर्तव्यों की शपथ दिलाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 77वें स्थापना दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के उपलक्ष्य में एकत्रीकरण राष्ट्र के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य देश के छात्र समुदाय में राष्ट्र भक्ति, संगठन और नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता पैदा करना था। कार्यक्रम की शुरुआत छात्र-छात्राओं को भारतीय संविधान के तहत नागरिक कर्तव्यों की शपथ दिलाकर हुई। इसके बाद उपस्थित छात्र-छात्राओं ने भारतीय मानचित्र की रूपरेखा में मानव श्रृंखला बनाकर राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश दिया।

इस अवसर पर विद्यार्थी परिषद के खेलो भारत अभियान के अखिल भारतीय संयोजक प्रदीप शेखावत और एसएटीआई कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. वायके जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे। अभियान के अखिल भारतीय संयोजक प्रदीप शेखावत ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी परिषद की स्थापना 9 जुलाई 1949 को हुई थी और तब से यह संगठन छात्रहित और राष्ट्रहित के लिए सतत कार्य कर रहा है।



विदिशा। मानव श्रृंखला से भारत का मानचित्र बनाकर छात्र छात्राओं ने दिया एकता और अखंडता का संदेश

### जाति, धर्म या पंथ से ऊपर उठकर कार्य करता है संगठन

संयोजक प्रदीप शेखावत "जिस तरह ऑपरेशन सिंधु के दौरान देश एकजुट होकर सेना के साथ खड़ा रहा, उसी तरह आज भारत का छात्र संगठन भी एकजुट होकर देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता के लिए खड़ा है। विद्यार्थी परिषद जाति, धर्म या पंथ से ऊपर उठकर कार्य करता है और जब भी देश को जरूरत होगी, देश का छात्र समाज सबसे आगे खड़ा मिलेगा।"



विदिशा। कार्यक्रम में सैकड़ों छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान एसएटीआई के डायरेक्टर डॉ. वाय.के. जैन ने सभी छात्र-छात्राओं और नागरिकों को भारतीय संविधान के तहत दिए गए नागरिक कर्तव्यों की शपथ दिलाई। इस आयोजन में विभाग प्रमुख विनोद किरार, नगर अध्यक्ष राजीव ठाकुर, नगर मंत्री प्रबल शर्मा सहित विद्यार्थी परिषद के कई पदाधिकारी, कार्यकर्ता और छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव ने श्रम मंत्री के नाम ज्ञापन देकर 11 सूत्रीय मांगें उठाईं

# दवाओं से जीएसटी हटाने सौंपा ज्ञापन राष्ट्रीय स्तर पर आंदोलन की चेतावनी


हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

फेडरेशन ऑफ मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन ऑफ इंडिया और मध्यप्रदेश मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव यूनियन के बैनर तले दवा प्रतिनिधियों ने कलेक्टर को 11 सूत्रीय मांगपत्र सौंपा।

यह ज्ञापन श्रम मंत्री के नाम दिया गया जिसमें दवा प्रतिनिधियों की लंबित समस्याओं और मांगों का समाधान जल्द करने की अपील की गई। यूनियन पदाधिकारियों ने कहा कि यदि सरकार ने उनकी मांगे नहीं मानीं तो प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर आंदोलन तेज किया जाएगा।

यूनियन पदाधिकारियों ने बताया कि दवा प्रतिनिधियों को दिन-रात दौरे पर रहकर काम करना पड़ता है। वे लगातार कई घंटों तक डॉक्टरों और केमिस्टों से संपर्क करते हैं। इसके बावजूद उन्हें तय न्यूनतम वेतन भी नहीं मिलता और उनकी सेवा शर्तें असंगठित क्षेत्र की तरह ही बदतर बनी हुई हैं। यूनियन की प्रमुख मांगों में दवाओं पर लगे जीएसटी को हटाना भी शामिल है ताकि दवाओं की कीमतें कम हो सकें और मरीजों को राहत मिले।

यूनियन ने दवा प्रतिनिधियों के लिए वैधानिक कार्य नियमावली बनाने की भी मांग की है। इसके तहत वेतन, काम के घंटे, अवकाश, यात्रा भत्ता और अन्य सेवा शर्तें स्पष्ट और कानूनी रूप से निर्धारित हों ताकि कंपनियों द्वारा मनमानी रोकी जा सके।



**विदिशा।** अपनी विभिन्न मांगों को लेकर फेडरेशन ऑफ मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव ने सौंपा ज्ञापन।

### काम के घंटे निर्धारित करने की मांग रखी

यूनियन ने मांग की है कि दवा प्रतिनिधियों के काम के घंटे 8 से अधिकतम 10 घंटे प्रतिदिन निर्धारित किए जाएं। मौजूदा समय में कंपनियां उनसे अनियंत्रित और अनिश्चित समय तक काम लेती हैं, जिससे निजी जीवन और स्वास्थ्य दोनों प्रभावित होता है। यूनियन के अनुसार दवा प्रतिनिधियों की मेहनत का कोई निर्धारित मूल्यांकन और पारदर्शी वेतन नीति नहीं है। विदिशा सब यूनिट के अध्यक्ष राजकुमार जैन ने बताया कि वर्ष 1976 में लागू ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट की एक महत्वपूर्ण धारा एसपी (ई) एक्ट 1976 दवा प्रतिनिधियों की सुरक्षा और अधिकारों की गारंटी देती थी। लेकिन इसका पालन नहीं हो रहा है। यूनियन ने इस एक्ट को दोबारा लागू करने की मांग की है ताकि दवा प्रतिनिधियों के रोजगार की शर्तें कानूनी रूप से सुरक्षित हों। यूनियन ने पुरानी पेंशन योजना को फिर से लागू करने की भी मांग की है। उनका कहना है कि निजी क्षेत्र के प्रतिनिधियों को भी वृद्धावस्था में सुरक्षा मिलनी चाहिए। इसी क्रम में सेवानिवृत्त दवा प्रतिनिधियों के लिए न्यूनतम पेंशन 9 हजार प्रतिमाह सुनिश्चित करने की मांग रखी गई।

### नकली दवा बनाने वालों पर कार्रवाई हो

ज्ञापन में नकली दवा बनाने वालों को कड़ी सजा देने की मांग रखी। यूनियन ने कहा कि नकली दवाएं न सिर्फ मरीजों की जान से खिलवाड़ हैं बल्कि पूरे पेशे और उद्योग की साख को नुकसान पहुंचाती हैं। ऐसी गतिविधियों में शामिल निर्माताओं के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई और दंड अनिवार्य किया जाए। इसके अलावा यूनियन ने सरकारी अस्पतालों में दवा प्रतिनिधियों के प्रवेश पर लगे प्रतिबंध को हटाने की भी मांग की। उनका तर्क है कि प्रतिनिधि डॉक्टरों को नई दवाओं और उपचार विकल्पों की जानकारी देते हैं, जो सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा में भी उपयोगी हो सकती है। वर्तमान में सरकारी अस्पतालों में प्रवेश प्रतिबंध से प्रतिनिधियों का काम प्रभावित होता है और मरीजों तक आधुनिक दवाओं की जानकारी सीमित रह जाती है।

## ग्रामीणों ने चोर को दबोचकर पुलिस को सौंपा

# कार से आता और खेतों से चुराता था पानी की मोटरें

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

खेतों से पानी की मोटरें चोरी करने वाले चोर को करारिया पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से गिरफ्तार कर लिया है। रायसेन जिले के महुआखेड़ा गांव का रहने वाला चोर राजू अहिरवार अपने दो साथियों के साथ सेंट्रो कार से आता था और रात में सुनसान खेतों से पानी की मोटरें चुराता था। कोठीचार खुर्द गांव के पास सहोदरा नदी किनारे खेत में लगी मोटर चुराते समय ग्रामीणों ने चोरों को देख लिया था। ग्रामीणों ने शोर मचाया और उन्हें पकड़ने दौड़े। दो चोर अंधेरे में भाग निकले। राजू को ग्रामीणों ने पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया।

### 95 हजार रुपए की पांच मोटरें चुराई थीं

पुलिस ने आरोपी की कार की तलाशी ली तो उसमें से चोरी की अन्य मोटरें मिलीं। चोरों ने करीब 95 हजार रुपए की 5 मोटरें चुराई थीं। पुलिस ने आरोपी से तीन पानी की मोटरें सेंट्रो कार एक मोबाइल फोन बरामद किया है। कुल बरामदगी 2.80 लाख रुपए की हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और फरार दो आरोपियों की तलाश कर रही है। जांच में पता चला है कि गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ विदिशा के सिविल लाइन थाने में भी एक मामला दर्ज है।

# अस्पताल में चोरी की कोशिश गार्ड को देखकर भागा बदमाश



विदिशा। घटना के बाद सीसीटीवी फुटेज से जानकारी जुटाता स्टाफ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिला चिकित्सालय में मरीजों और परिजनों के साथ हो रही चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं।

बुधवार को अस्पताल परिसर में एक युवक को चोरी करते हुए सुरक्षा गार्ड ने देखा, लेकिन वह भाग निकला। सुरक्षा एजेंसी के सुपरवाइजर भूपेंद्र गुर्जर ने कोतवाली थाना पहुंचकर सीसीटीवी फुटेज की जांच और आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की है।

सुपरवाइजर ने बताया कि बीते महीनों में डॉक्टरों के कमरों से एसी आउटर, ऑक्सीजन पाइप की तांबे की लाइन, मरीजों के बैग और अन्य जरूरी सामान तक चोरी हो चुके हैं। इन घटनाओं से अस्पताल स्टाफ और प्रबंधन दोनों परेशान हैं।

### अस्पताल के पास से अतिक्रमण हटाने की मांग

डॉक्टरों का कहना है कि अस्पताल के बाहर सड़क किनारे अस्थाई दुकानों पर अक्सर असामाजिक तत्व जुटे रहते हैं। रात के समय यही लोग चोरी जैसी घटनाओं को अंजाम देते हैं। अस्पताल प्रबंधन ने कई बार नगर पालिका और जिला प्रशासन को अतिक्रमण हटाने के लिए पत्र लिखा, लेकिन केवल औपचारिक कार्रवाई हुई। स्थायी समाधान अब तक नहीं निकल सका है। फिलहाल पुलिस ने आवेदन लेकर सीसीटीवी फुटेज खंगालने और जल्द आरोपी की पहचान कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# लकड़ी माफिया दिनदहाड़े जंगल से 5 सागौन के पेड़ों को काटकर सिल्लियां बनाकर ले भागे

हरिभूमि न्यूज ⏭ शमशाबाद

अवैध वन माफिया अब रात का इंतजार नहीं कर रहे। दिन में ही जंगल से सागौन की सिल्लियां काटकर ले जा रहे हैं। जंगलों को मैदान बना दिया है। माफिया बेखौफ होकर पेड़ काट रहे हैं।

बुधवार सुबह भगवानपुर रोड बड़ी फील्ड में वन विभाग के डिप्टी रेंजर आवास से सौ कदम दूर ही लकड़ी चोर 5 सागौन के हरेभरे पेड़ों को काटकर ले गए। वन अमले ने मौके पर पहुंचकर कागजी खानापूर्ति कर मुखबिरों को लगाकर लकड़ी चोरों की तलाश शुरू कर दी है। वन विभाग की टीम जब कार्रवाई करती है तब कुछ माफिया पकड़ में आते हैं। लेकिन अमले की संख्या कम होने से लगातार कार्रवाई नहीं हो पा रही। इसी का फायदा उठाकर माफिया खुलेआम जंगल उजाड़ रहे हैं। शमशाबाद नगर में दो प्लांटेशन विगत 10 वर्ष पूर्व बनाए गए थे जिनमें सागौन के पेड़ बड़े होकर 30 से 40 फीट ऊंचे हो गए हैं। जिन पर अब लकड़ी चोरों की नजर है, जो आए दिन मौका देखकर एक दो सागौन पेड़ काटकर ले जाते हैं। लोगों ने बताया की आए दिन कुल्हाड़ी चलने की आवाज जंगल से आती है। पेड़ों की देखभाल के लिए चौकीदार भी हैं लेकिन वह भी अपनी खानापूर्ति करते रहते हैं। डिप्टी रेंजर शमशाबाद श्रीकृष्ण मीना का कहना है कि अज्ञात चारों पर प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।



### 31 अगस्त तक उज्जैन-भोपाल के बीच चलेगी स्पेशल पैसेंजर

विदिशा। यात्रियों की सुविधा और अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल ने उज्जैन भोपाल के बीच स्पेशल पैसेंजर ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। उज्जैन,भोपाल स्पेशल पैसेंजर ट्रेन 10 जुलाई से 31 अगस्त तक विशेष किराए पर संचालित होगी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार उज्जैन भोपाल स्पेशल ट्रेन उज्जैन से प्रतिदिन रात 9 बजे रवाना होकर तराना रोड, मक्सी, बेरछा, कालीसिंध, अकोदिया, शुजालपुर, कालापीपल, सीहोर और संत हिरदाराम नगर होते हुए 1.05 बजे भोपाल पहुंचेगी। वापसी में भोपाल उज्जैन स्पेशल ट्रेन 11 जुलाई से 1 सितम्बर तक प्रतिदिन भोपाल से रात 2.15 बजे प्रस्थान करेगी और इसी रूट से सुबह 7.20 बजे उज्जैन पहुंचेगी। रेलवे ने स्पष्ट किया है कि यह ट्रेन पूरी तरह अनारक्षित होगी और इसमें मेल एक्सप्रेस ट्रेनों के सामान्य श्रेणी के किराए के अनुसार ही भाड़ा लिया जाएगा।

# जनपद सदस्य ने दिया सात दिन का अल्टीमेटम समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर देंगे धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

ग्राम पंचायत ग्यारसपुर की वर्षों पुरानी समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर मंगलवार को जनपद सदस्य अनीश खान मंसूरी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने ग्यारसपुर के अनुविभागीय अधिकारी मनोज कुमार उपाध्याय को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया है कि ग्राम ग्यारसपुर की ऐतिहासिक धरोहर विश्व प्रसिद्ध माला देवी मंदिर और हिंडोला तोरण द्वार तक जाने वाला मार्ग पूरी तरह जीर्ण-शीर्ण स्थिति में है। श्रद्धालुओं और पर्यटकों को भारी परेशानी होती है। मार्ग का शीघ्र निर्माण कराने की मांग की गई। इसके अलावा ग्रामीणों ने शिकायत की कि गांव में लगाए गए डिजिटल बिजली मीटरों में अत्यधिक बिल आ रहा है। उन्होंने मांग की कि इन मीटरों की जांच कराकर सही बिल जारी किए जाएं ताकि गरीब उपभोक्ताओं को राहत मिल सके।



जनपद सदस्य अनीश खान मंसूरी ने चेतावनी दी कि यदि 7 दिवस के भीतर प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो वे अनुमति लेकर धरना प्रदर्शन और भूख हड़ताल करेंगे। इस दौरान अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष जगन्नाथ अहिरवार, माधव अहिरवार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## सहानुभूति और न्याय से सुलझाए गए लंबे समय से चल रहे मामले

# पुलिस पंचायत में बुजुर्गों की समस्याओं का हुआ समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

एसपी रोहित काशवानी के निर्देश पर गठित सीनियर सिटीजन पुलिस पंचायत की बैठक में मंगलवार को बड़ी संख्या में बुजुर्गों ने अपनी समस्याएं रखीं।

एडिशनल एसपी डॉ. प्रशांत चौबे एवं कोर कमेटी के सदस्यों की उपस्थिति में इन मामलों की गंभीरता से सुनवाई कर सहानुभूति और न्यायसंगत समाधान निकाले गए। कार्यक्रम में कोर कमेटी के सदस्य डॉ. सचिन गर्ग, अतुल शाह, डी.के. बाजपेई, विनोद के शाह, प्रमोद व्यास, आरके कुलश्रेष्ठ, अजय टंडन और पार्थ पितलिया मौजूद रहे। बैठक में बुजुर्गों ने घरेलू विवाद, संपत्ति के विवाद और पारिवारिक कलह जैसे विषयों पर खुलकर अपनी बातें रखीं। अधिकारी और समिति सदस्यों ने प्रत्येक मामले को समझदारी और संवेदनशीलता से सुना और सुलह-सफाई के प्रयास किए।



**विदिशा।** बुजुर्गों की समस्याओं को सुनते हुए एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे।

### पुलिस पंचायत में इन मामलों का समाधान

**पहला मामला:** विदिशा निवासी 75 वर्षीय बुजुर्ग ने बताया कि उनका बेटा मानसिक रूप से अस्वस्थ है और आए दिन मारपीट करता है। समिति ने चिकित्सकीय पहलुओं पर चर्चा की और सामाजिक कार्यकर्ताओं की मदद से बेटे को अस्पताल में भर्ती कराने की व्यवस्था कराई।

**दूसरा मामला:** एक बुजुर्ग महिला ने बताया कि उसका बेटा शराब पीकर मारपीट करता है और सारा पैसा खर्च कर देता है। पंचायत में बेटे ने अपनी परेशानियां बताईं। सदस्यों ने परिवार को समझाकर शराब छोड़ने और मेहनत से काम कर घर चलाने की सलाह दी। बेटे ने पंचायत के सामने शराब छोड़ने का संकल्प लिया, जिस पर महिला ने संतोष जताया।

**तीसरा मामला:** कुरवई निवासी एक महिला ने बताया कि मायके से मिली जमीन पर उसके बेटे ने कब्जा कर लिया है। पंचायत ने दोनों बेटों और बहुओं को समझाया कि मायके की जमीन पर उनका कोई अधिकार नहीं है। बेटे ने फसल कटाई के बाद जमीन छोड़ने की सहमति दी।

**चौथा मामला:** एक विकलांग पिता ने शिकायत की कि उन्होंने अपनी बेटी को जमीन दान दी है, लेकिन उनका बेटा बेटी को वहां काम नहीं करने देता। पंचायत ने कहा कि आगे से कोई भी जमीन के काम में अनावश्यक हस्तक्षेप नहीं करेगा।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2681
उच्चतम भाव- 3270
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव -2400
उच्चतम भाव- 2650
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2410
उच्चतम भाव-2435
चना
न्यूनतम भाव-4600
उच्चतम भाव-5567
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3700
उच्चतम भाव-3436
धान
न्यूनतम भाव-1300
उच्चतम भाव-3085
मसूर
न्यूनतम भाव-3700
उच्चतम भाव-7040
सरसों
न्यूनतम भाव-3870
उच्चतम भाव-8061
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2100
उच्चतम भाव-4301
मूंग
न्यूनतम भाव-3800
उच्चतम भाव-7580
उड़द
न्यूनतम भाव-3600
उच्चतम भाव-5300
धनिया
न्यूनतम भाव-60301
उच्चतम भाव-6500
बटरी
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-3800

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मंडी में बुधवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 10980 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

### लगातार बारिश होने से ग्राम करई छेवला में खेतों में भरा पानी, फसलें डूबीं

# कबूलपुर पहुंच मार्ग हुआ दलदल में तब्दील, करई छेवला में फसल खराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बुधवार को नगर में सुबह से लेकर दोपहर तक धूप निकली जिससे लोगों को उमस और गर्मी के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं दोपहर के बाद मौसम में अचानक बदलाव आया और तेज हवा के साथ झमाझम बारिश का दौर शुरु हो गया। जिससे नगर के अनेक वार्डों की गलियों एवं सड़कों पर पानी भर गया। वहीं शासकीय परिसर एसजीएस कॉलेज ग्राउण्ड, जनपद पंचायत परिसर में पानी एकत्रित हो गया। देर तक तेज बारिश होने से मौसम में ठण्डक घुल गई। समाचार लिखे जाने तक रुक रुक कर बारिश का दौर जारी रहा। बासौदा तहसील में लगे वर्षा मापी यंत्र पर बुधवार की सुबह तक 5.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई थी। वहीं ग्राम कबूलपुर से गुफा मासैर पंचायत पहुंचने का रास्ता बारिश के कारण दल दल में तब्दील हो गया है। जिसके कारण



ग्रामीणों को एक किलोमीटर की जगह 8 किलोमीटर लंबा चक्कर लगाकर भिदवासन होकर जाना पड़ रहा है। ग्रामीणों रामकृष्ण, सूरज सिंह, रामेश्वर रघुवंशी, वीरेंद्र सिंह रघुवंशी, दीप सिंह रघुवंशी, हरि कृष्ण रघुवंशी ने ग्राम पंचायत एवं संबंधित विभाग से उक्त मार्ग की मरम्मत कराए जाने की मांग की है। जिससे ग्रामवासी बारिश के मौसम में लंबा चक्कर लगाने से बच सकें। वहीं त्योंदा क्षेत्र में लगातार बारिश होने से ग्राम करई छेवला में अनेक किसानों के खेतों में पानी भर गया है। जिससे वीर सिंह कुर्मी, गजेंद्र सिंह कुर्मी, जितेंद्र कुर्मी, देवेंद्र, महेंद्र, हनुमंत कुर्मी, अखिलेश, विनोद कुर्मी सहित अनेक किसानों के खेतों में बोई सोयाबीन एवं मक्का की फसल पानी में डूबकर खराब हो गई है। लगातार बारिश के कारण कुछ किसानों की फसलों को फायदा हुआ है तो कुछ किसानों की फसलें पानी में डूबकर खराब होने से उन्हे नुकसान हो गया है।





## जेल में बंद कैदी के साथ मारपीट




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर निवासी शिवा शर्मा ने एसडीएम एवं न्यायालय के नाम शिकायती आवेदन सौंपा जिसमें जेल में बंद अपने भाई के साथ मारपीट की शिकायत की गई है। जिसमें कहा गया है कि उसका भाई शरद शर्मा हत्या के मामले में स्थानीय उपजेल में बंद है। गत दिवस वह अपने भाई से मिलने जेल गया था। जहां उसके भाई शरद ने बताया कि जेल में उसके साथ बंदी अंशुल रघुवंशी, त्रियंक दांगी, संजय रघुवंशी और मोनू दांगी ने मारपीट की थी। जिससे उसके हाथ पैर में चोटें आईं और सिर में दो टांके लगे थे। शिवा के आवेदन में कहा गया है कि इस घटना के बाद शरद का जेल प्रबंधन द्वारा चोरी छिपे और परिजनों को जानकारी दिए बिना सरकारी अस्पताल में उपचार भी करा दिया गया। इसके बाद से शिवा और उसके पिता के पास धमकियां भी आ रही हैं कि अगर इस मामले में कोई कार्रवाई की गई तो जेल में बंद तुम्हारे भाई को जान से मार देंगे या उसे भोपाल जेल पहुंचा देंगे। आवेदन में कहा गया है कि उक्त चारों लोग हर महीने रूपए भी मंगवाते हैं। ये लोग जेल के अंदर अपनी जेल भी चलाते हैं। आवेदन में उक्त मामले की गंभीरता से जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की गई है।

## गर्ल्स स्कूल व छात्रावास के बीच खुली शराब दुकान से छात्राएं और स्टाफ हो रहा परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ त्योंदा

त्योंदा में गर्ल्स मिडिल स्कूल, हाई सेकंडरी स्कूल एवं दूसरी ओर गर्ल्स छात्रावास के बीचों बीच शराब की दुकान खोल दी गई है। जिससे छात्राओं को एवं स्टाफ को दुकान के सामने से निकलने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। त्योंदावासियों ने बताया कि शराबी शराब पीकर गाली गलौंज करते हैं साथ ही सड़क से गुजरने वाले पैदल राहगीरों एवं दो पहिया वाहन चालकों के साथ अभद्रता करते हैं। पालकों का कहना है कि छात्राओं के साथ अगर कोई शराबी छेड़छाड़ या अभद्रता करता है तो इसकी जवाबदारी किसकी होगी। प्रशासन की या ठेकेदार की। त्योंदावासियों ने उक्त स्थान से शराब का ठेका हटाकर सुनसान जगह पर स्थापित किए जाने की मांग की है। जिससे छात्राओं को परेशानी का सामना न करना पड़े।

## देश में अमन शांति के लिए दुआ की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मुस्लिम राष्ट्रीय मंच गो सेवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय संयोजक अंतरराष्ट्रीय गो कथा वाचक, संत, गोवत्स मोहम्मद फैज खान के जन्मोत्सव के अवसर पर सूफी संत सैयद सुमेर शाह बाबा की दरगाह सुमेर स्टेशन पर चादर फूल तवर्रूख पेश कर मुल्क मे अमन शांति और विकसित भारत निर्माण के लिऐ दुआ की गई। इस अवसर पर डॉ. राकेश सिंह जादौन ने मुस्लिम समाज के ऐतिहासिक, सामाजिक और सांस्कृतिक पहलुओं पर गहन विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि भारत के मुस्लिम समाज को अपनी आस्थाओं के साथ-साथ राष्ट्रीय भावना को भी सुदृढ़ करना चाहिए। समाज के हर वर्ग को राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनना होगा। हमें धर्म के आधार पर नहीं, बल्कि कर्तव्य के आधार पर एकजुट होना चाहिए। उन्होंने युवाओं को राष्ट्र के विकास में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया और समाज में आपसी सद्भाव बनाए रखने पर बल दिया। इस अवसर पर मंच के राष्ट्रीय सह संयोजक सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने कहा सूफी संत इंसानियत के रास्ते पर चलने वाला होता है जो सबको अपनाता है वो किसी जाति वर्ग पंथ समुदाय धर्म का नही होता इसलिए उसे संत या सूफी संत कहते हैं। किसी भी ग्रंथ या पुस्तक में लड़ने का नहीं प्यार और मोहब्बत का संदेश दिया है। भगवान श्रीराम, श्री कृष्ण, पैगम्बर हजरत मुहम्मद के बताऐ मार्ग पर चलकर ही राष्ट्र आगे बढ़ सकता है यजीद, रावण कंस, कौरव, कसाब के मार्ग पर चलकर नही। इस अवसर पर मंच के अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

## राशन की दुकान का चावल निजी दुकान पर बेचा, हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत दिवस गंज में ऋषभ ट्रेडर्स पर खाद्य विभाग ने छापेमारी कर शासकीय उचित मूल्य की दुकान का चावल बरामद किया। सहायक खाद्य आपूर्ति अधिकारी पिंकी शाक्य को मिली सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। इस दौरान दुकान संचालक सहित दो लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। जांच में सामने आया कि ग्राम महोली निवासी राजकुमार अहिरवार 5 क्विंटल चावल ऋषभ ट्रेडर्स को बेचने के लिए लाया था। दुकानदार ने इस माल को खरीदकर अपने गोदाम में रख लिया था। खाद्य विभाग की टीम ने चावल की जांच की तो उसमें 40 प्रतिशत से अधिक मात्रा में शासकीय उचित मूल्य की दुकान का चावल मिला। सहायक आपूर्ति अधिकारी ने ऋषभ ट्रेडर्स के संचालक ऋषभ जैन और



राजकुमार अहिरवार के विरुद्ध प्रतिवेदन तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेजा है। आसपास की शासकीय दुकानों से गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वालों को 1 रुपए प्रति किलो की दर से चावल दिया जाता है। कुछ लोग इस चावल को 15 से 20 रुपए प्रति किलो में बेच देते हैं। पूर्व में भी ऋषभ ट्रेडर्स की कई शिकायतें मिली थीं। खाद्य विभाग अब यह जांच कर रहा है कि इतनी मात्रा में शासकीय चावल निजी दुकान तक कैसे पहुंचा। खाद्य विभाग के अधिकारी अवैध कारोबार को रोकने के लिए जांच करेंगे।

### जन्मदिन पर निःशुल्क नेत्र शिविर का हुआ आयोजन




**गंजबासौदा।** त्योंदा में सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर एवं स्वर्गीय नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से सुनील बाबू पिंगले जन्मोत्सव संकल्प के तहत बुधवार को नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. शानू यादव, कैंप प्रभारी रवि धाकड़, नेत्र सहायक अरविन्द नोडया, अक्षय पाल ने लगभग 121 मरीजों के नेत्रों का परीक्षण कर उन्हें रोगों से बचाव के तरीके बताये। इस अवसर पर समाजसेवी गणेश राम रघुवंशी, सुनील बाबू पिंगले ने ट्रस्ट की सराहना करते हुए कहाकि नेत्र रोगियों की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म है। शिविर में 32 मरीजों को मोतियाबिन्द पाया गया, 49 लोगो को दवाई का वितरण किया गया। वहीं 19 लोगों को चश्मे प्रदान किए गए, 21 लोगों के चश्मे के नंबर निकाले गए।

## खबर संक्षेप

### त्योंदा तहसीलदार ने संभाला प्रभार



**त्योंदा।** त्योंदा तहसील में तहसीलदार ऋतु राय ने पदभार संभाल लिया है। ऋतु राय नायब तहसीलदार के पद पर पदस्थ हैं जिन्हे त्योंदा तहसील प्रभारी नियुक्त किया गया। इनके पहले तहसीलदार अवधेश कुमार यादव पदस्थ थे। जिनका स्थानांतरण हो गया है। उनकी जगह पर अब ऋतु राय की नियुक्ति तहसीलदार के पद पर की गई है।

### बबीता सिंह चौधरी बनी त्योंदा थाना प्रभारी



**त्योंदा।** त्योंदा थाना प्रभारी बलबीर सिंह गौर का स्थानांतरण विदिशा हो जाने के बाद पठारी थाना प्रभारी बबीता सिंह चौधरी की पद स्थापना त्योंदा थाना में की गई है।

### मालगाड़ी की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत

**गंजबासौदा।** मंगलवार को शाम के समय रेलवे स्टेशन के पास एक बुजुर्ग की मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार देवीराम उम्र 70 वर्ष निवासी सांगुल तहसील शमशाबाद खंभा क्रमांक 929/36 यार्ड के पास मालगाड़ी की चपेट में आ गया था। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। जिसकी सूचना मिलने पर जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा बनाकर मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए शासकीय राजीव गांधी जनचिकित्सालय भेजा गया जहां से पीएम पश्चात शव को परिजनों को सौंप दिया गया।

## मोहर्रम कमेटी ने किया एसपी का सम्मान



**गंजबासौदा।** बुधवार को मोहर्रम कॉमेटी एवं मुस्लिम समाज कमेटी ने विदिशा पहुंचकर पुलिस अधीक्षक रोहित कासवानी से मुलाकात कर उन्हे गुलदस्ता भेंटकर सम्मान किया एवं मोहर्रम पर्व पर नगर में प्रशासन द्वारा किए गए इंतजाम की सराहना करते हुए शुक्रिया अदा किया। इस अवसर पर मुस्लिम समाज अध्यक्ष सिद्धिक हसन, मोहर्रम कॉमेटी अध्यक्ष अरहान खान, अफजल खान, सैयद जोहेब हसन, सोहेल, बबलू, मतीन, जब्बार मंसूरी, साबिर पठान, शाहरुख राईन, नदीम पठान, शाहरुख खान, बादशाह सहित मुस्लिम समाज के अन्य लोग मौजूद रहे।

### पुरानी गल्ला मंडी से पकड़ा आरोपी, 2200 रुपए किए जब्त

# सिटी थाना पुलिस ने सटोरिया को किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में शहर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बुधवार को एक आरोपी को पकडने में सफलता प्राप्त की है। जुआ, सट्टा, शराब एवं नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत निरीक्षक संजय वैदिया थाना प्रभारी शहर के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए पुरानी गल्ला मंडी त्यौंदा रोड पर सट्टा खिलाते हुए आरोपी खिलान सिंह अहिरवार उम्र 49 वर्ष निवासी लाल पठार को रंगे हाथों सट्टा अंक लिखते हुए पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध सट्टा अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। आरोपी के कब्जे से 2200 रुपए नगदी, एक लीड पेन, छः सट्टा अंक लिखी पर्ची जब्त की गई। उक्त कार्रवाई में पुलिसकर्मी राकेश सेन, अभिषेक शुक्ला, अनिल यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### गुरु पूर्णिमा पर होंगे अनेक धार्मिक आयोजन



**गंजबासौदा।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरुवार को नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में अनेक आयोजन होंगे। इस मौके पर बेतवा स्थित नौलखी खालसा, नौलखी धाम, जीवाजीपुर स्थित वेदांत आश्रम, तिरंगा स्थित हनुमान मंदिर, ग्राम सिरनोटा स्थित गुरु आश्रम सहित अन्य स्थानों पर भव्य धार्मिक आयोजन होंगे। आयोजन में विशेष पूजन, हवन, प्रवचन और गुरु वंदना के कार्यक्रम शामिल हैं, नवीन शिष्यों को गुरु दीक्षा दी जाएगी। गुरुजनों की पूजन अर्चन और आशीर्वाद लेने के लिए ग्रामवासियों के साथ आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है।

## शिक्षक और शिक्षा से खिलवाड़ उचित नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

इस संसार में गुरू का नाम माता पिता और ईश्वर से पहले लिया जाता है और सनातन से शिक्षक ने गुरु महिमा को सिद्ध भी किया है। परंतु आज शासन और जिले की नीतियां शिक्षक से अपने कर्तव्य का पालन करने का प्रमाण मांग रही है। यह बड़ी आश्चर्य की बात है। उक्त बात शिक्षक संघर्ष सयुक्त मोर्चा के जिलाध्यक्ष प्रथ्वी सिंह रघुवंशी ने कहा कि अधिकारियो की सोच हमारे प्रति क्या है, वह अपने कर्तव्य का पालन किस तरह, कैसे कर रहे है इससे हमें मतलब नही रखना चाहिए, बल्कि अपने गुरुत्व दायित्वों का पालन करते हुए हमें तो समय से शालाओं में जाकर छात्रों को शिक्षा और संस्कार पर ध्यान देना चाहिए। हालाकि शिक्षा विभाग के लिए तो गैर शैक्षणिक कार्य ज्यादा जरूरी है रोज नई नई जानकारियां मांगना और कई जानकारी बार बार मांगना पोर्टल पर वह जानकारी उपलब्ध होने के बाद भी देखने की जहमत ना उठाकर शिक्षकों से मांगना आवश्यक लगता है। छात्रों की शिक्षा भले ही पिछड जाए जानकारियां समय पर आना चाहिए। नये नये प्रायवेट ऐप बनाकर शिक्षकों से उन पर काम करवा कर कमाई के साधन उपलब्ध किए हैं। कुछ अपवाद को छोड दें तो इन सबके बाबजूद शिक्षक अपने कर्तव्य का पालन करने में कोई कोताही नहीं बरतते। यह कई बार परीक्षा परिणामों एवं छात्रों और शिक्षकों की प्रतिभाओं से साबित भी हुआ है।

वरिष्ठ अधिकारी अपना हाथ बचाने के लिए और बिना प्रयास करें, खुद शाबासी और वाहवाही के लिए बड़े अधिकारियों को उन्ही शालाओं में ले जाते हैं जो शालाएं अच्छी हैं जबकि होना यह चाहिए सुधार करने की दृष्टि से वरिष्ठ अधिकारियों को उन्ही शालाओं में जाना चाहिए जिन शालाओं की स्थिति ठीक नही है। उन्हे सुधार करने का समय देकर पुनः उन शालाओं में जाना चाहिए। लेकिन ऐसा नहीं होता वह अपनी सुविधा और वरिष्ठ अधिकारियों की नजरों में सम्मान पाने के लिए अच्छी शाला में ले जाकर वाहवाही लूटते हैं।

## अंबानगर पर आश्रय गोशाला का हुआ शुभारंभ



**गंजबासौदा।** ग्राम अंबानगर में अतिक्रमण मुक्त कराई गई शासकीय भूमि पर जन सहयोग से निर्मित गो आश्रय स्थल का बुधवार को शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर एसडीएम विजय राय सहित अन्य अधिकारियों, गणमान्य नागरिकों ने गोशाला पहुंचकर गो माता की पूजन अर्चन कर उन्हे गुड़, गो ग्रास खिलाया। इस मौके पर अंबानगर के अनेक गौसेवक मौजूद रहे। यहां उल्लेखनीय है कि ग्राम अंबानगर में लावारिस मवेशी बडी संख्या में मुख्य मार्ग पर डेरा जमाए रहते थे। जिनसे दुर्घटनाएं भी होती रहती थीं। इस परेशानी को देखते हुए गांव के कुछ युवाओं ने अपने स्तर पर गौ आश्रय स्थल बनाया और उसमें लावारिस मवेशियों को रखकर ग्रामीणों के सहयोग से उनके चारा पानी की व्यवस्था की थी। कुछ समय पूर्व एसडीएम ने गांव में शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया था। इस भूमि पर अब व्यवस्थित गो आश्रय स्थल बना दिया गया है।

## खबर संक्षेप

### दिशा की बैठक शनिवार को आयोजित होगी

**विदिशा।** केंद्रीय मंत्री एवं संसदीय क्षेत्र विदिशा के सांसद शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक शनिवार 12 जुलाई को आयोजित की गई है। यह बैठक कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में दोपहर 12 बजे से शुरू होगी।

### जिला योजना समिति की बैठक 12 को

**विदिशा।** पशुपालन एवं डेयरी मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल की अध्यक्षता में जिला योजना समिति की बैठक 12 जुलाई को आयोजित की गई है। यह बैठक कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में दोपहर 12 बजे से शुरू होगी। जिला योजना समिति की बैठक में जिन विभागों के कार्य एजेंडा बिंदूओं में सम्मिलित है तदनुसार कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, ऊर्जा विभाग, पशुपालन विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जल जीवन मिशन, महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा की जाएगी।

### कलेक्टर ने की वाटरशेड विकास कार्यो समीक्षा की

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट के भूतल स्थित सभा कक्ष में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 वाटरशेड विकास घटक के कार्यों की समीक्षा की गई। इस बैठक में उन्होंने वाटर शेड के कार्यों की जानकारी ऑनलाइन अंकित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने बैठक में उपस्थित सरपंचों से संवाद कर पंचायत स्तर पर किये जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी ली। सरपंचों द्वारा ग्राम की समस्याओं व सुझावों से भी अवगत कराया गया जिस पर कलेक्टर ने पंचायत स्तर पर किए जाने वाले कार्यों को निर्धारित बजट में से उक्त कार्यों को पूर्ण कराए जाने पर जोर दिया। कलेक्टर ने वाटरशेड विकास कार्य मद अंतर्गत पूर्ण कार्यों के प्रस्तुत विवरण की जानकारी भी ली।

### डीएलसीसी की बैठक आज

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में विशेष जिला स्तरीय सलाहकार समिति डीएलसीसी की बैठक गुरूवार 10 जुलाई की प्रातः 11 बजे से कलेक्ट्रेट के बेतवा सभाकक्ष में आयोजित की गई है। लीड बैंक ऑफिसर बीएस बघेल ने बताया कि बैठक में जिन बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी उनमें जनसुरक्षा अभियान अंतर्गत कैम्पेन की प्रगति की समीक्षा। आकांक्षी जिला अंतर्गत निर्धारित केपीआई इंडिकेटर्स की समीक्षा। स्व सहायता समूहों को दिये जाने वाले क्रेडिट लिंकेज सीसीएल की प्रगति की समीक्षा। मुख्य मंत्री उद्यम क्राति योजना की प्रगति की समीक्षा।

## कलेक्टर ने किया जिले के निजी स्कूलों के प्राचार्य से सीधा संवाद

# फीस, टीसी के अभाव में कोई भी बच्चा प्रवेश से वंचित न रहे स्कूल बसों को हमेशा अपडेट रखें: कलेक्टर संदीप जी आर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



स्कूल फीस, टीसी के अभाव में कोई भी बच्चा प्रवेश से वंचित न रहे, स्कूल बसों को हमेशा अपडेट रखें सभी बसों में सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाए एवं शासन की योजनाओं का शतप्रतिशत लाभ विद्यार्थियों को दें, साथ ही विद्यार्थियों के बस्ते का वजन कम करने के लिए विद्यार्थियों के लिए स्कूल में लॉकर्स की सुविधा को उपलब्ध कराएँ, साथ ही मॉर्निंग असेंबली में बच्चों को सभी सकारात्मक शिक्षा दें, विद्यालय में छात्राओं के लिए काउंसलिंग कक्ष बनाएं, गुडटच बेडटच की जानकारी दें। उक्त निर्देश कलेक्टर संदीप जी आर ने शिक्षा विभाग के द्वारा आयोजित निजी विद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक में दिए। इस अवसर पर कलेक्टर संदीप जी आर ने सभी से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी और उनका मौके पर ही निराकरण करने की निर्देश दिए।

कलेक्टर संदीप जी आर ने प्राचार्यों से कहा कि कोई भी विद्यार्थी को फीस एवं टीसी के अभाव में प्रवेश से वंचित न किया जाए, इसी प्रकार गणवेष एवं पुस्तकों के लिए भी किसी निश्चित दुकान से लेने के लिए बाध्य न किया जाए। उन्होंने कहा कि 3 वर्ष के पहले किसी भी विद्यालय की गणवेष भी न बदली जावे। उन्होंने कहा कि सभी विद्यालयों में लगी स्कूल बसों में केयरटेकर के साथ सीसीटीवी कैमरे भी मौजूद रहे। यदि इसके बाद भी किसी विद्यालय की शिकायत प्राप्त होती है तो संबंधित पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी से कहा कि समय-समय पर सभी निजी विद्यालयों की मॉनिटर भी की जावे। उन्होंने कहा कि सभी विद्यालयों में कक्षा 1 से 12 तक की छात्राओं के लिए काउंसलिंग कक्ष बनाएं एवं पॉस्को पेटी लगाएं जिससे उनकी समस्याओं को समझा जा सके और उनको सुनकर उनका निराकरण करें। उन्होंने कहा कि काउंसलिंग कक्ष में काउंसलिंग करने के बाद यदि कोई समस्या होती है तो तत्काल इसकी जानकारी संबंधित छात्रा के अभिभावक एवं वरिष्ठ अधिकारियों को दें। कलेक्टरने कहा कि सभी विद्यालय विद्यार्थियों को स्टडी टूर कराएं जैसे बैंक, पोस्ट ऑफिस, विश्वविद्यालय, कलेक्ट्रेट, कमिश्नरी ऑफिस, औद्योगिक क्षेत्र का भ्रमण अवश्य कराएं और विस्तार से उनको जानकारी दें। उन्होंने कहा कि शासन की श्रेष्ठ योजना के तहत सभी विद्यालय कार्य करें जिसमें अनुसूचित जाति वर्ग के बच्चों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा अधिकार उनके समग्र विकास है। उन्होंने निर्देश दिए की सभी प्राचार्य एवं शिक्षक विद्यालय संचालन के समय में कोई लापरवाही न रखें।

कलेक्टर संदीप जी आर ने कहा कि मॉर्निंग असेंबली में प्रतिदिन सभी बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य, सफाई, जिले की जानकारी, अखबारों में प्रकाशित जानकारी एवं प्रत्येक दिन किसी भी आमंत्रित अतिथि का उद्बोधन अवश्य कराएं और अन्य जानकारी प्रदान करें। उन्होंने कहा कि सभी प्राचार्य अपने-अपने विद्यालय से कम से कम एक-एक डॉक्टर, इंजीनियर बनाने की तैयारी करें और इसके लिए अपने-अपने विद्यालयों में सेल्फी प्वाइंट बनाएं और बच्चों को जानकारी दें। उन्होंने कहा कि सभी विद्यालयों में पूर्व छात्रों जो कि आज की स्थिति में जो बड़े पद पर हैं उनकी जानकारी फोटो सहित चश्पा करें जिससे बच्चों का मनोबल बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि पूर्व छात्रों का एक व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाएं और इसमें विद्यालय के बच्चों को भी जोड़ें जिससे उनको उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त हो सकेगी। उन्होंने निर्देश दिए की सभी विद्यालयों में समय-समय पर स्वास्थ्य शिविर लगे और सभी बच्चों का स्वास्थ्य का परीक्षण करें उन्होंने कहा कि सभी बच्चों को पौष्टिक भोजन की जानकारी दें इसी प्रकार उन्होंने कहा कि सभी बच्चों को यातायात ट्रैफिक की जानकारी की प्रदान करें और कहा कि यदि आप वहन से चलते हैं तो हेलमेट, सीटबेल्ट अवश्य पहनें। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार विद्यालय में इंटरनेट के माध्यम से शिक्षाप्रद जानकारी लेकर बच्चों को प्रदान करें और नवाचार के साथ शिक्षा दें।

कलेक्टर संदीप जी आर ने समीक्षा बैठक में उपस्थित प्राचार्यों से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनी प्राचार्यों ने अपनी सभी समस्याओं को बताया जिस पर उन्होंने तत्काल दूर करने की निर्देश दिए।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक के वी कहा कि सभी प्राचार्य अपने अपने विद्यालयों में शैक्षणिक कार्य की साथ-साथ व्यावहारिक अध्ययन भी कराएं। उन्होंने कहा कि स्मार्ट बनने के लिए अच्छी शिक्षा आवश्यक है इसलिए अच्छी शिक्षा लेकर स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बने।

अपर कलेक्टर रुपेश उपाध्याय ने कहा कि शासन की योजना पर्यटन क्विज में अधिक से अधिक पंजीयन कराएं। उन्होंने कहा कि

# अपने लक्ष्य को चुनो और आगे मेहनत करते रहो सफलता एक दिन जरूरी मिलेगी:आशी जैन





**सिरोंज।** विगत दिनो पूर्व चार्टर्ड अकाउंटेट की कठिन परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले सिरोंज की बेटी एंव शिक्षाविद राजेश जैन के पुत्री आशी जैन ने बुधवार को हरिभूमि से विशेष चर्चा की। इस अवसर पर आशी जैन ने कहा कि इस परीक्षा में सफल होने के लिए मैने कई कठिन परेशानियों का सामना कर यह सफलता हासिल की है। आशी जैन विगत 7-8 वर्षो से इंदौर में रहकर सी.ए की पढाई कर रही थी। वर्ष 2016-17 में नगर के निर्मला कांवेट स्कूल से कामर्स की पढाई में प्रथम स्थान प्राप्त कर सील्ड मेडल और पुरूस्कार से सम्मानित हुई और उन्होने उस समय अपने स्कूल व अपने शिक्षको का नाम रौशन किया। आशी ने बताया कि इस लक्ष्य को प्राप्त करने में मुझे मेरे परिवार में का विशेष सहयोग मिला।


### एफपीओ और सीएलएफ के कार्यों की समीक्षा की

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जिले में पंजीकृत एफपीओ एवं सीएलएफ के कार्यों की समीक्षा बैठक बुधवार को आयोजित की गई थी। कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में आयोजित बैठक में जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोड़िया, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उप संचालक केएस खपेडिया, पशु चिकित्सा सेवाएं विभाग के उप संचालक एनके शुक्ला, नाबार्ड की जिला प्रबंधक जसप्रीत कौर, लीड़ बैंक आफीसर बीएस बघेल के अलावा एफपीओ एवं सीएलएफ के सदस्यगण तथा विभिन्न विभागो के अधिकारी मौजूद रहें। कलेक्टर ने जिले में कृषक उत्पादक कंपनी, संगठन (एफपीओ) के उद्धेश्यों को रेखांकित करते हुए कहा कि किसान अकेले परेशान ना हो इसके लिए किसान संगठन में रहे और उनके उत्पादको का बेहतर दाम मिले और संगठन के माध्यम से क्षेत्र में ख्याति अर्जित करना है। उन्होंने सभी एफपीओ के सदस्यो से कहा कि नरवाई नहीं जलाने वाले एफपीओ को पुरस्कृत करने हेतु जिला पंचायत सीईओ को प्रक्रिया क्रियान्वित कराने के निर्देश दिए गए हैं।

## नर्मदा प्रज्ञा शक्तिधाम आश्रम में प्रारंभ होगी संस्कृत पाठशाला

# क्षेत्र की संस्कृत पाठशालाओं में होगा आज गुरु पूजन उत्सव, शिष्य निभाएंगे वर्षों पुरानी परंपरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली



वर्ष भर गुरूओं एवं शिष्यों को गुरूपूर्णिमा उत्सव का इंतजार बना रहता है। आज गुरूवार को गुरू पूर्णिमा और गुरू उत्सव कार्यक्रमों की नर्मदा क्षेत्र में श्रंखला बनी रहेगी। क्षेत्र में अनेक आश्रमों में संस्कृत पाठशालाओं का संचालन किया जा रहा है। इन संस्कृत पाठशालाओं में गुरू पूर्णिमा उत्सव विभिन्न कार्यक्रमों के साथ शिष्यों द्वारा मनाया जाएगा।

विन्ध्य पर्वत की तलहटी में प्राचीन ऐतिहासिक स्थान जामगढ़ में संचालित ऋषीश्वर संस्कृत पाठशाला में गुरूपूजन कार्यक्रम मनाया जाएगा। पाठशाला के संस्थापक ब्रम्हलीन पू. रामचन्द्र त्रिपाठी द्वारा 1949 में ऋषीश्वर संस्कृत पाठशाला की स्थापना के साथ वर्षो तक संचालन किया जाता रहा। पाठशाला में आवास, भोजन, पाठ्य पुस्तकों की निःशुल्क व्यवस्था रहती है। आज गुरूवार को गुरूजी के समाधि स्थल पर दिव्य मूर्ति को पंचामृत, गंगा जल, नर्मदा जल से अभिषेक किए जाने के साथ आचार्य शेष नारायण जी के सानिध्य में महाआरती एवं प्रसादी का वितरण किया जाएगा।

### मां नर्मदा नदी के तटों पर संचालित पाठशालाएं

मां नर्मदा के उत्तर तट स्थित मंगलेश्वर धाम मांगरोल में पू. ब्रम्हचारी जी के सानिध्य मार्गदर्शन में वर्षो से संस्कृत पाठशाला का संचालन किया जा रहा है। इसी के साथ नर्मदा तट बगलवाडा में दशको से संस्कृत पाठशाला का संचालन किया जा रहा है। आज दौनों स्थानों की संस्कृत पाठशालाओं में गुरूपूर्णिमा पर विशेष कार्यक्रम होंगे।

### प्रारंभ हो रहीं संस्कृत पाठशालाएं

ख्याति प्राप्त कथा व्यास पू. प्रज्ञा भारती के नर्मदा पुलघाट के पास वर्षो से माँ नर्मदा प्रज्ञा शक्ति धाम आश्रम का संचालन किया जा रहा है। आज गुरूपूर्णिमा के पावन पर्व से सुश्री प्रज्ञा भारती जी के आश्रम में संस्कृत पाठशाला, वैदिक शिक्षा केन्द्र का शुभारंभ क्षेत्र के विधायक एवं प्रदेश के राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल की विशेष उपस्थिति में होगा।

# समर्थन मूल्य खरीद व्यवस्थाओं में घोर उदासीनता क्षेत्र में एक भी क्विंटल नहीं हुई मूंग की खरीद

## बिना मूंग वाली गोदामों की तलाश बन रहे केन्द्र, बारदाना, हम्मालों का नहीं अता पता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली



एक ओर जहॉ प्रदेश सरकार ने मूंग खरीदी के लिए पंजीयन में भारी बिलम्ब किया, वही दूसरी ओर सबसे अधिक मूंग उत्पादक नर्मदा क्षेत्र में निचले स्तर पर मूंग की खरीदी को लेकर जिम्मेदारों की घोर लापरवाही उदासीनता किसानों के लिए आर्थिक नुकसान का कारण बन रही है। 7 जुलाई से ग्रीष्म कालीन मूंग की खरीद तौल की घोषणा हुई थी। तीन दिन निकल गए अभी तक खरीदी केन्द्र निश्चित नहीं हुए, बारदानें और तोल के लिए हम्मालों की व्यवस्थ का इंतजार बना हुआ है।

तीन दिन निकले नहीं हुई एक कुन्टल मूंग खरीद - 6 जुलाई तक क्षेत्र के हजारों किसान समर्थन मूल्य पर मूंग बैंचने पंजीयन कराते रहे। 7 जुलाई से मूंग की खरीद शुरू होना थी। अभी तक केन्द्र बने न ही बिना मूंग वाले गोदामों को केन्द्र बनाने की प्रक्रिया हो पाई है। यह व्यवस्था होने पर ही निर्धारित केन्द्रों पर बारदाना पहुंचेगा। सिलाई मशीनें, तौल कांटे चालू और खरीद संस्थाओं द्वारा हम्मालों की व्यवस्था की जाएगी। इन सब व्यवस्थाओं में हफ्ता-10 दिन का समय लग सकता है। किसानों में चर्चा है कि जब 19 जून से मूंग बैंचने किसानों द्वारा 6 जुलाई तक पंजीयन कराया जा रहा था। तब केन्द्र, गोदाम, बारदाने, हम्मालों की व्यवस्था क्यों नहीं की गई। जिससे सरकार की घोषणानुसार 7 जुलाई से मूंग की खरीद व्यवस्थित ढंग से शुरू हो जाती।

### हो रहा आर्थिक नुकसान

उदयपुरा, खरगोन, बरेली, बाड़ी क्षेत्र के हजारों किसानों ने समर्थन मूल्य पर मूंग बैंचने पंजीयन कराया है। 15 जून से पहले अधिकांश मूंग की कटाई हो चुकी। लगभग एक माह से किसान अपने पास मूंग रखे हुए है। कि 7 जुलाई से खरीद तौल प्रारंभ होगी। तीन दिन निकल गए खरीद केन्द्रों की व्यवस्था न होने से किसान स्लॉट भी बुक नहीं कर पा रहे है। अपनी आर्थिक जरूरतों को पूरा करने किसानों द्वारा प्रतिदिन मंडी में मूंग बैंच कर प्रति कु. 1500 से दो हजार रू. का आर्थिक नुकसान उठाना पड रहा है।

# आज गुरुपूर्णिमा पर्व, आश्रमों में होंगे कई कार्यक्रम, गुरुमंत्रों के साथ देंगे दीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म में गुरू का ईश्वर से भी अधिक ऊंचा स्थान माना गया है। आज10 जुलाई को आषाढ़ माह समाप्त होने के साथ सावन माह की शुरूआत होगी। क्षेत्र के गुरू आश्रमों में गुरू पूर्णिमा पर्व मनाये जाने की तैयारियां चलती रही। जहॉ गुरूओं की शरण, चरणों में पहुंच कर गुरू वंदना पूजन के कार्यक्रमों की श्रंखला बनी रहेगी।



पू.ब्रम्हचारी जी    पू.लालबाबा जी    पू.प्रज्ञा भारती जी

**होंगे गुरूपूजन कार्यक्रम** - विन्ध्य पर्वत की तलहटी में शिव स्थान बापौली धाम माँ नर्मदा के उत्तर तट स्थित मंगलेश्वर धाम मांगरोल ब्रम्हचारी जी के आश्रम, नर्मदा पुल घाट के पास माँ नर्मदा प्रज्ञा शक्तिधाम आश्रम के साथ समनापुर वाले गुरूजी बडे भैया, सहित अन्य स्थानों एवं मंदिरो में गुरूपूर्णिमा पर गुरू शिष्य परंपरानुसार विशेष कार्यक्रमों का आयोजन होगा। जहॉ गुरूओं के पुराने नये शिष्यों का मिलन होगा। वही गुरूओं का नये शिष्यों को गुरूमंत्रो के साथ दीक्षा भी दी जाएगी।

**आज संघ का गुरूपूर्णिमा कार्यक्रम** - आरएसएस द्वारा भी वर्ष भर में 6 उत्सव मनाये जाते है। उनमें महत्वपूर्ण गुरूपूर्णिमा पर्व है। जहॉ आरएसएस के कार्यकर्ताओं द्वारा अपनी सामर्थ के अनुसार गुरूपूजन कर दक्षिणा राशि का समपर्ण किया जाता है। इसी गुरू दक्षिणा राशि से संघ के प्रचारकों का खर्च चलता है। आज गुरूवार को आरएसएस का गुरूपूर्णिमा कार्यक्रम शिव शक्ति रिर्सोट बायपास रोड पर प्रातः 8:30 बजे से रखा गया है।

**कार्यालय नगर परिषद शमशाबाद जिला विदिशा म.प्र.**

क्रमांक / निर्माण शाखा/2025/1016    शमशाबाद दिनांक- 7/7/25

**विज्ञप्ति निरस्ती सूचना**

सर्व साधरण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद शमशाबाद पुराने कार्यालय भवन जो क्षतिग्रस्त हो चुका है उक्त भवन को यथा स्थिति में मटेरियल एवं बिल्डिंग में लगा हुआ सामान सहित नीलाम दिनांक 09.07.2025 को रखी गई थी जो प्रशासनिक कारणो को दृष्टिगत रखते हुये निरस्त की जाती है ।
एवं नवीन नीलामी सूचना नगर परिषद कार्यालय द्वारा पुनः पृथक से दैनिक समाचार पत्र में जारी की जावेगी ।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद शमशाबाद म.प्र.

## बारिश थमने से मिली राहत, सड़कों के साथ ही बाजारों में लोगों की चहल पहल बढ़ी

# थमा लगातार बारिश का दौर 24 घंटे से नहीं बरसे बदरा





हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

पिछले एक सप्ताह से संपूर्ण नर्मदा क्षेत्र में निरंतर बारिश होने से नदी नाले उफान पर आ जाने के साथ लोग गांवो-घरो में रहने मजबूर बने हुए थे।

मंगलवार को दोपहर बाद बारिश का दौर बंद होने और बुधवार को एक भी बूंद बारिश न होने कुछ देर के लिए धूप निकलने से क्षेत्र के निवासी राहत महसूस करने लगे। बुधवार को नगर की सडक़ो बाजारों में खासी चहल पहल और रौनक का नजारा बना रहा।

पिछले दिनों संपूर्ण नर्मदा क्षेत्र में भारी बारिश हुई। जिससे क्षेत्र के नदी नालों में पानी उफान मारने लगा। मंगलवार को देवरी, उदयपुरा क्षेत्र में भारी बारिश हुई। इसी के साथ बरगी डेम के 13 गेट खोले जाने से नर्मदा मैया में बाढ़ की स्थिति बनी। बौरास नर्मदा तट पर बना पुल नर्मदा जल में डूब जाने से उदयपुरा, गाडरवारा मार्ग बंद हो गया। बरेली तहसील में मांगरोल पुल से 3-4 फिट नीचे नर्मदा का पानी बहता रहा। इसी के साथ बारना, तेदौनी, घोघरा, इक्यावन नदियों और ग्रामीण क्षेत्र के नदी नालों का तेजी से जल स्तर बढऩे से ग्रामीणों का आवागमन प्रभावित बना रहा। लगातार हो रही बारिश क्षेत्र के निवासियों के लिए परेशानियों का कारण बनने लगी थी।

### थमी बारिश मिली राहत

लगभग एक सप्ताह से प्रतिदिन हो रही बारिश का दौर मंगलवार की दोपहर में थम जाने से नर्मदा क्षेत्र के निवासी बडी राहत महसूस कर रहे है। चहुओर पानी ही पानी, नमी की अधिकता से बुधवार को राहत मिली। लोगो का कहना है कि इतनी अधिक और लम्बे समय तक कभी-कभी सावन के महिनें में बारिश होती है। परंतु इस वर्ष आषाढ के महिनें में रिकार्ड तोड बारिश ने लोगो की परेशानियां बढ़ा दी। फिलहाल कुछ राहत पाकर लोगों ने राहत की सांस ली है।

विदिशा जिले का एक मात्र संस्थान जिसमें है।
**मध्यभारत ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट**
BA-LLB (Hons) — 5 Years Integrated Course (After 12th)
LLB — 3 Years Course (After Graduation)
D.Pharma — 2 Years Course (After 12th Math, Bio)
प्रवेश प्रारंभ — अधिवक्ता एवं जज बनने का सपना साकार करें।
कॉर्पोरेट ऑफिस : जवाहर लाल नेहरू कॉलेज, रामद्वारा, विदिशा (म.प्र.)
9827011587, 9827796812, 07592-470255, 471025
संचालक मज़हर अली जाफरी

**BETWANCHAL GROUP OF INSTITUTIONS**
Approved by : AICTE & PCI
Affiliated by : RGPV & Barkatullah University
ADMISSION OPEN
MBA (HR.Marketing, Finance) Duration-2 year Affilizindia: AICTE & Barkatullah University
BBA Duration-3 year affillzindia : barkatullah University
BA Duration-3 year Amliated to: barkatullah University
BSC Ouration 3 year Affillated to: barkatullah University
B.COM Duration-3 year Amliated to: barkatullah University
ITI Fitter Copa Affillated to NCVT
B. Pharma Duration-4 year (Approved By : PCI) Amlited to: RGPV
D. Pharma Duration-2 year (Approved By : PCI) Amlited to: RGPV
Add : NH-146, Village Madipur, Block Gulabganj, Distt. Vidisha City Add : NH-86, Vaishali Viharm Sagar Road, Vidisha
Mob.: 07592-447549, 9755550416

website : general.kbtgroup.in
E-Pravesh Code-P619
**KUSHABHAU THAKRE COLLEGE**
NH-146, Village Suakhedi Near Atarikhejda. Vidisha (M.P.)
प्रवेश प्रारम्भ 2025-26
बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय से संबंद्धता एवं उच्च शिक्षा से मान्यता प्राप्त
ADMISSION OPEN
BA (Com+Plain) | B.Com (Com+Plain) | B.Sc (Com+Plain) | B.Lib (1 Years) | PGDCA (1 Years) | MSW (2 Years) | PG DIPLOMA HOTEL MANAGEMENT (1 Years) | B.ED. (2 Years)
CITY OFFICE : CIST College Near Water Tank, Arihant Vihar, Vidisha (M.P.)
07592-403481, 796042, 9893708149



# 3 दिन से जारी झमाझम बारिश से खेतों में धान रोपाई प्रारंभ

## धान की रोपाई के लिए नहीं मिल रहे मजदूर, बना टोटा, मजदूरी भी बढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

क्षेत्र में तीन दिनों से हो रही झमाझम बारिश ने मौसम को सुहाना बना दिया। उमस भरी गर्मी से राहत मिली। अमृत बनकर गिरे बारिश से खेत लबालब हो गए। खेतों में पानी देख किसानों के चेहरे खिले उठे। धान की रोपाई का कार्य भारी बारिश के साथ तेज हो गया है।

तीन दिन की बारिश से किसानों के चेहरों पर मुस्कान लौट आई है। इसके चलते तापमान में काफी कमी आई और लोगों को गर्मी से राहत मिली। बादल छाए रहने से सुबह का मौसम भी देर तक सुहाना रहा। बारिश के बाद छोटे से बड़े किसान सभी धान



रोपाई में जुट गए। कुछ किसान तो परिवार के साथ धान रोपने में जुट गए। बड़े किसानों के धान रोपने के लिए मजदूरों को खोजने में जुटे रहे। आलम यह है कि मजदूरी रेट भी बढ़ाई जा रही थी। फिर भी मजदूर नही मिल रहे थे। कई गांव तक लोग मजदूर की तलाश में दौड़ भाग करते दिखे। लेकिन जरूरत के हिसाब से मजदूर नहीं मिल सके। कारण था कि सभी मजदूरी वाले भी अपने खेतों में रोपाई में जुटे रहे।

दीवानगंज सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में बाहर से मजदूरों को लाया जा रहा है। कई बड़े किसान पहले ही धान लगाने के लिए मजदूर बाहर से ले आए थे उनके खेतों में धान रोपाई का काम जोरो से चल रहा है। मगर जो किसान बाहर से मजदूर नहीं लाए थे वह इधर-उधर मजदूर के लिए भटक रहे हैं। इसके बाद भी मजदूर नहीं मिल रहे हैं।

---

### तीन महीने पहले जांच के लिए भोपाल भेजे 146 सैंपलों की नहीं आई रिपोर्ट

# जांच रिपोर्ट ना आने से कार्रवाई में देरी, बिक रहे मिलावटी खाद्य पदार्थ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर की दुकानों होटल, रेस्टोरेंट में खाद्य पदार्थ खुले में धड़ल्ले से बिक रहे हैं उन्हें ढंका तक नहीं जा रहा। बारिश में मच्छर मक्खियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है, जिससे संक्रामक बीमारियां पैर पसार रही हैं। जिम्मेदार विभाग के खाद्य अमले की बेगोरी से यह सबकुछ हो रहा है।

बाजार में खुले में बिक रही खाद्य पदार्थ की बिक्री से लोगों की सेहत से खिलवाड़ किया जा रहा है। मिलावटी वस्तुओं की बिक्री और उसको सही तरीके से नहीं ढंकने की वजह से लोग बीमार हो रहे हैं और उनकी सेहत के साथ जिम्मेदार अधिकारी भी खिलवाड़ कर रहे हैं। लोगों ने जिम्मेदार विभाग के अधिकारियों से इस तरफ ध्यान देने का अनुरोध किया है।

### जांच सिर्फ गिनी चुनी होटल रेस्टोरेंट पर बाकी को छूट

त्यौहारों पर जिला प्रशासन के निर्देश पर जिला खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के जिम्मेदारों को जांच की याद आती है। इसके पहले कुछ गिने चुने होटलों रेस्टोरेंट की जांच की रस्म अदायगी करते हैं। बाकी व्यापारियों को खुली छूट दी जाती है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर अधिकारी हल्की जुर्माने की कार्रवाई कर मिलावटी सामग्री बाजार में ग्राहकों को बेचने की छूट दे दी जाती है।

रेस्टोरेंट संचालकों के हौसलें इतने बुलन्द है कि खाद्य पदार्थ में हानिकारक रंगों और कैमिकलों का धड़ल्ले से इस्तेमाल कर रहे हैं। आलम यह है कि जिला प्रशासन के अधिकारियों की लापरवाही की वजह से लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

**खास बातें**

- शहर की खास दुकानदारों पर मेहरबान बना रहता है खाद्य अमला
- शहर के होटल रेस्टेंरेंटों पर धड़ल्ले से चल रहा मिलावटी खाद्य पदार्थो का कारोबार



### *जिला खाद्य विभाग ने अप्रैल एवं मई में की थी कार्रवाई*

*माह अप्रैल व मई में जिले के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों से कुल 146 खाद्य नमूने लिए गए। इन सभी को जांच के लिए भोपाल स्थित प्रयोगशाला भेजा गया। 20 प्रकरण एडीएम न्यायालय व 3 प्रकरण सीजीएम कोर्ट में प्रस्तुत किए। एडीएम कोर्ट से 20 प्रकरणों का निराकरण करते हुए संबंधित दुकानदारों पर 6 लाख 20 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया। हालांकि इस राशि में से 4 लाख 90 हजार रुपए की ही राशि वसूली गई है। शेष वसूली अभी बाकी है। अब जब भोपाल से जांच रिपोर्ट आएगी, तब आगे की कार्रवाई की जाएगी। खाद्य एवं औषधि विभाग ने तीन माह पहले शहर व जिलेभर की विभिन्न खाद्य पदार्थों की दुकानों से सैपल लेकर 146 नमूने भोपाल स्थित प्रयोगशाला भेजे थे, जिनकी जांच रिपोर्ट अब तक नहीं आई है। स्थानीय अधिकारी भी रिपोर्ट के इंतजार में बैठे हैं।*

### *जांच धीमी होने से जमकर बिक रही मिलावटी सामग्री*

*वहीं जिले में खाद्य पदार्थों की जांच पड़ताल की रफ्तार इतनी धीमी है कि कोई कार्रवाई न होने से बाजार में मिलावटी पदार्थो की जमकर बिक्री हो रही है। जांच रिपोर्ट समय से न आने में खाद्य विभाग की इस पूरी कार्रवाई पर ही सवालिया निशान लगा रही है।जानकारी के मुताबिक दूध, दही, घी, मिठाइयां, सूखे मसाले से लेकर अन्य कई खाद्य पदार्थ है, जिनमें बड़े पैमाने पर मिलावट का काम शहर के अधिकांश कारोबारी करते हैं। इधर खाद्य विभाग के अधिकारी या तो किसी त्यौहार पर सैपल लेने की खानापूर्ति करते है अथवा जब कहीं किसी समारोह या कार्यक्रम में लोग भोजन करके फूड पॉइजनिंग का शिकार होते है।*

**जुर्माना करेंगे**

मिलावट खोरों और खाद्य सुरक्षा से जुड़े मामलों में कंट्रोल करने के लिए फूड सेफ्टी कानून 2006 बनाया गया है। अगर कोई व्यापारी मिलावटी खाद्य पदार्थ बेचता पाया जाता है तो उसके खिलाफ प्रकरण दर्ज कर नमूने लेकर लैब भोपाल जांच के लिए भेजे जाते हैं। दोषी पाए जाने पर मिलावट खोरी करने वाले व्यापारियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जुर्माना भी किया जाता है।

- **कल्पना अर्सिया,** जिला फूड अधिकारी, जिला खाद्य एवं औषधि विभाग रायसेन

---

# सड़कों पर फैल रही ट्रैक्टर के पहियों की मिट्टी, फिसल रहे वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

खेतो में धान का रोपा लगाए जाने के लिए ट्रैक्टर से मिट्टी मचाए जाने का क्रम जारी है। किसानों के द्वारा खेंतो में बनाए गए गढ़ों में धान का रौपा लगाए जाने का कार्य जोरों पर है, किसान खेतो में डेरा जमाए हुए है।

लगातार हुई बारिश से खेत व खेतो में धान का रोपा लगाने के लिए के लिए बनाए गए गढ़ों में लबालब पानी भरा गया है। पानी भराने के साथ ही मिट्टी मचाए जाने का कार्य किसानो के द्वारा ट्रैक्टरों से कराया जा रहा है।

### ट्रैक्टरों से सड़क पर फैल रही मिट्टी

धान के खेतो में मिट्टी मचा कर बाहर निकल रहे ट्रैक्टरों के पहियों में लगी मिट्टी सड़क पर फैलने लगी है।



सड़क पर बड़े पैमाने पर मिट्टी फैलने से हादसों का अंदेशा बना हुआ है।

गीली मिट्टी से फिसलन होने से दो पहिया वाहनों के आवागमन में परेशानी होती है, बल्कि हादसे का अंदेशा भी बना रहता है। सड़क पर पड़ी मिट्टी से दो पहिया सहित बड़े वाहन भी फिसल रहे है, जो कि हादसे का कारण बन सकते हैं।

हालांकि नागरिकों के द्वारा लगातार ट्रैक्टर मालिकों से आग्रह किया जा रहा है कि सड़क पर आने से पूर्व ट्रैक्टर के पहियों में लगी मिट्टी को खेत में ही साफ कर लें ताकि मिट्टी सड़क पर ना फैले और हादसों को रोका जा सके।

---

### सांची विवि में प्रवेश हेतु 24 जुलाई तक आवेदन

**रायसेन।** सांची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय में अब 24 जुलाई तक प्रवेश हेतु आवेदन किया जा सकता है। साँची विश्वविद्यालय में बौद्ध अध्ययन, भारतीय दर्शन, वैदिक अध्ययन, भारतीय चित्रकला, योग, संस्कृत, चीनी भाषा, हिन्दी और अंग्रेजी में 2025-26 सत्र के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने का अंतिम अवसर है। प्रवेश के इच्छुक छात्र-छात्राएं 24 जुलाई तक ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन माध्यम से सांची विश्वविद्यालय में आवेदन कर सकते हैं।

---

# बीईओ ने चार स्कूलों का किया औचक निरीक्षण

## शिक्षक मिला गायब, थमाया शोकाज नोटिस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन/बेगमगंज

ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजेंद्र श्रीवास्तव द्वारा आज 4 शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं का औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें चारों शालाओं में शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित मिले, लेकिन एक शाला में एक शिक्षक गायब होने के कारण उसे शौकाज नोटिस जारी किया गया है।

बीईओ श्री श्रीवास्तव द्वारा बताया गया कि आज दोपहर उन्होंने 4 शालाओं का औचक निरीक्षण किया। शासकीय प्राथमिक शाला कल्याणपुर का निरीक्षण करने पर पाया कि भवन की छत से पानी टपक रहा है एवं दीवारों व फर्श पर सीलन है। जिसके कारण स्कूल में दर्ज 27 विद्यार्थी सही ढंग से पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं, जबकि पूर्व में ही शाला की मरम्मत को 18 हजार रुपए दिए थे।

### स्कूल मरम्मत की राशि हुई लैप्स

शाला प्रभारी ऋषिराज तिवारी एवं शिक्षक अजब सिंह आठ्या के बीच आपसी खींचतान के चलते स्कूल भवन की मरम्मत को मिली आकस्मिक निधि 18000 रुपए का उपयोग नहीं किया। जिसके कारण शाला भवन की मरम्मत नहीं हो सकी और उक्त राशि लेप्स हो गई। उन्हें शोकाज नोटिस जारी किया जा रहा है। वहीं कस्बा चौका की प्राथमिक शाला के एक शिक्षक कौशल खान के गैरहाजिर मिले।

---

### दो आरोपियों पर दर्ज हुआ मामला

# दीवार से टिके पत्थर हटाने की बात पर हुई मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

थाना क्षेत्र के बांसखेड़ा गांव में घर की दीवार से टिके हुए पत्थर हटाने को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। पिटाई की वजह से फरियादी रामचरण सिलावट के पूरे शरीर में मूंदी चोटें आईं हैं। पुलिस ने दो आरोपियों पप्पू सिलावट और नारायण सिलावट के विरुद्ध मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

थाने के प्रधान आरक्षक विकास श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि बांसखेड़ा गांव में रहने वाले रामचरण सिलावट पिता हीरालाल सिलावट के घर की दीवार से टिकाकर रखे हुए पत्थर पप्पू सिलावट और नारायण सिलावट निवासी बांसखेड़ा हटा रहे थे। रामचरण ने मना किया तो पप्पू और नारायण उसके साथ गाली गलौच करते हुए मारपीट पर उतर आए।

दोनों ही आरोपियों ने मिलकर रामचरण की जमकर लात घूंसों से पिटाई कर दी। जिसकी वजह से फरियादी रामचरण के पूरे शरीर में मूंदी चोटें आ गईं। वो तो गनीमत रही थी कि समय रहते फरियादी का भतीजा गौतम और बेटी रेखा ने आकर बीच बचाव किया वरना स्तिथि और बिगड़ सकती थी। घायल रामचरण का प्राथमिक उपचार सांची सिविल अस्पताल में किया गया है।

---

# धान लगाने जा रहे मजदूरों से भरी पिकअप पलटी 28 घायल, 5 गंभीर भोपाल रेफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले की तहसील गैरतगंज में बुधवार सुबह एक बड़ा सड़क हादसा हो गया, जिसमें मजदूरों को लेकर जा रही पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई। एसडीओपी आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि इस दर्दनाक घटना में 28 मजदूर घायल हो गए, जिनमें से 5 की हालत ज्यादा गंभीर होने पर उन्हें भोपाल रेफर किया गया है।

यह हादसा देहगांव थाना क्षेत्र के मुड़ियाखेड़ा के पास भोपाल-सागर मुख्य मार्ग पर सुबह करीब 9 बजे हुआ है। गढ़ी कस्बे के खैरुआ मोहल्ले से लगभग 40 मजदूर धान लगाने के लिए एक पिकअप वाहन



में बैठकर जा जा रहे थे। इसी दौरान सुबह करीब 9 बजे, पिकअप वाहन मुड़ियाखेड़ा के पास तेज रफ्तार होने के कारण अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों ने मदद के लिए हाथ बढ़ाया और घायलों को वाहन से बाहर निकाला।

सूचना मिलने पर पुलिस की 100 डायल सहायता के लिए पहुंची। सभी घायलों को तत्काल रायसेन अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज शुरू किया गया। पांच लोगों की गंभीर स्थिति होने के कारण भोपाल रेफर किया है।

### यह मजदूर हुए घायल

हादसे में हरिराम कुशवाहा, दीपेश कुशवाहा, गंगाबाई अहिरवार, सोनू अहिरवार, रानी बाई, कमल ठाकुर, बलवान, केसर बाई अहिरवार, परशुराम कुशवाहा, राजेश बंसल, अंजलि, रागनी, शीला बाई, कमल सिंह, लक्ष्मी नारायण, अजय सिंह, सविता आदिवासी, कल्लू आदिवासी, पूनम बाई, हल्की अहिरवार, कमलेश आदिवासी, रूप सिंह अहिरवार, किशोरी, रानी बाई, राजकुमारी, दीपाली, लखन रैकवार, प्रवेश घायल हो गए है।

---

### सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ चलाया अभियान

**बाड़ी।** नगर परिषद बाड़ी द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी ज्योति शिवहरे एवं स्वच्छता नोडल अधिकारी श्रीनिवास तिवारी के मार्गदर्शन में स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के तहत बुधवार को वार्ड क्र. 6,7,8 में सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान के अंतर्गत स्वच्छ घर अभियान के तहत घर-घर संपर्क कर जल जनित बीमारियों के प्रति नागरिकों को जागरूक किया और सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ की जानकारी दी। सफाई अपनाओ तो बीमारी नहीं होगी इसलिए आप अपने घर में गंदे पानी को जमा न होने दें। कूलर का पानी साफ करें, घर में पानी उबाल कर पीएं और अपने आसपास साफ़ सफाई रखें, जिससे हम सभी बीमारी होने से बचे। इस अवसर पर उपयंत्री विभूति दरबार, श्रीनिवास तिवारी, सहायक स्वच्छता प्रभारी अजय टांक, सफाई दरोगा राजेश थनवार, सफाई मित्र, आमजन नागरिक उपस्थित रहे।

---

# भोपाल स्थानांतरण पर बाड़ी एसडीओपी को दी विदाई




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

एसडीओपी अदिति बी सक्सेना का स्थानांतरण गोविंदपुरा होने पर विदाई समारोह रखा। अदिति बी सक्सेना पिछले 2 साल से नगर में एसडीओपी के पद पर कार्यरत थी उनके कार्यकाल बहुत सराहनीय रहा। मिलनसार हंसमुख होने साथ अपने काम के प्रति जागरूक रही उन्होंने कभी भेदभाव किए बगैर कार्यों को गंभीरता से लेकर हमेशा निदान किया है। उनके कार्यकाल में कई आपराधिक मामले निपटाए गए। ऐसे कई कार्यों की नगर के लोगों ने सराहना की। इस मौके पर थाना प्रभारी राजेश तिवारी, थाना प्रभारी सुल्तानपुर, थाना प्रभारी विनोद परमार भारकच्छ सहित तीनों थाने का स्टाफ मौजूद रहा।

---

### केवट जी के मंदिर निर्माण की लंबे अरसे से की जा रही थी मांग

# वामन घाट पर बनेगा केवट मंदिर, किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर के मिश्र तालाब के वामन घाट पर रैकवार नाविक मल्लाह समाज की मांग पर बनेगा केवट मंदिर। बुधवार को दोपहर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि जमुना सेन समाज के अध्यक्ष सीताराम रैकवार वरिष्ठ सदस्य अशोक मांझी की मौजूदगी में आषाढ़ी पूजन के अलावा आराध्य देव केवट मंदिर निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया।

इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष शिक्षक सीताराम रैकवार ने बताया कि लंबे समय से समाज के लोग हमारे इष्टदेव केवट जी के मंदिर निर्माण की मांग करते चले आ रहे हैं। उन्होंने भाजपा विधायक सांसद से मंदिर निर्माण कराए जाने की पुरजोर मांग भी करेंगे। उम्मीद है कि हमारे क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के भरपूर सहयोग आशीर्वाद से केवट मंदिर निर्माण की निधि मिल जाएगी। इससे साफ जाहिर होता है कि हमारी जायज मांग भी जल्द



पूरी हो जाएगी।

मालूम हो कि वार्षिक श्रीराम लीला महोत्सव के दौरान भगवान श्रीराम चन्द्र केवट संवाद में जगह की कमी महसूस की जा रही थी वह आज पूर्ण हुई है। इसके पूर्व रैकवार मांझी नाविक मल्लाह समाज के लोगों द्वारा आषाढ़ी पूजन पूरे हवन विधान के बीच की गई। इसके आराध्य देव केवट जी के मंदिर निर्माण के लिए विधायक प्रतिनिधि जमना सेन द्वारा भूमिपूजन की गई।

इस अवसर पर समाज के जिलाध्यक्ष सीताराम रैकवार, जमना प्रसाद मांझी, विश्वास रैकवार गोलू मांझी, नंद किशोर मांझी अशोक संतोष नाविक, पार्षद योगिता राहुल परमार रूपेश तन्तवार आदि उपस्थित हुए।

**विधायक प्रतिनिधि ने दिया मंदिर निर्माण का आश्वासन**

विधायक प्रतिनिधि जमना सेन नाविक मांझी, रैकवार समाज को यह आश्वासन दिया है कि आराध्य देव केवट जी का मंदिर निर्माण जल्द कराया जाएगा। केंद्रीय कृषि मंत्री एवं विदिशा सांसद शिवराज सिंह चौहान और भाजपा के वरिष्ठ विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी से मंदिर निर्माण की निधि की मां की जाएगी। ऐसी उम्मीद है कि जनप्रतिनिधियों द्वारा केवट जी के मंदिर निर्माण की निधि रैकवार समाज को मिल जाएगी। इस मौके पर समाजजनों द्वारा विधायक प्रतिनिधि श्री सेन का फूल मालाओं से स्वागत करते हुए आभार माना।